भारत और चिली साझे मूल्यों और लोकतंत्र के प्रति सम्मान की भावना से जुड़े हैं : लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 6 फरवरी, 2018 : चिली गणराज्य के चैम्बर ऑफ़ डेप्युटीस के प्रेसिडेंट, महामहिम श्री फिदेल एस्पिनोजा के नेतृत्व में भारत की यात्रा पर आए चिली के संसदीय शिष्टमंडल का आज संसदीय ज्ञानपीठ में स्वागत करते हुए लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने कहा कि भारत और चिली साझे मूल्यों और लोकतंत्र के प्रति सम्मान की भावना से जुड़े हैं। श्रीमती महाजन ने कहा कि विभिन्न बहुपक्षीय मुद्दों के बारे में भारत और चिली के विचार एक जैसे हैं और दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में एक दूसरे के साथ सहयोग किया है। उन्होंने इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ़ जस्टिस (आईसीजे) में भारत के उम्मीदवार, न्यायाधीश दलवीर भंडारी के पुनर्निर्वाचन का चिली द्वारा समर्थन किए जाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता और वर्ष 2021-2022 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में गैर-स्थायी सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए भी चिली की सराहना की।

यह टिप्पणी करते हुए कि भारत संसदीय आदान-प्रदान को अत्यधिक महत्व देता है, श्रीमती महाजन ने कहा कि इन यात्राओं से द्विपक्षीय संबंधों तथा दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने में बहुत मदद मिलती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि चिली के शिष्टमंडल की वर्तमान यात्रा से दोनों संसदों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने जून 2017 में चिली की संसद में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को प्रायोजित करने के लिए श्री एस्पिनोजा और भारत-चिली संसदीय मैत्री ग्रुप का धन्यवाद किया।

श्रीमती महाजन ने राय व्यक्त की कि व्यापार और वाणिज्य सहित विविध क्षेत्रों में भारत और चिली के बीच सहयोग बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विस्तृत भारत-चिली तरजीही व्यापार समझौते को लागू करने से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने भारत यात्रा पर आए शिष्टमंडल को यह भी बताया कि भारत का बाजार बड़ा होने और व्यापार को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के कारण भारत एक आदर्श स्थान है जहाँ चिली द्वारा निवेश किया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया

कि कृषि, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्रों में द्वि□क्षीय सहयोग की अ□ार संभावना ह□।

अ□ने शिष्टमं□ल की शानदार मेजबानी के लिए लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन को धन्यवाद देते हुए, महामहिम श्री फिदेल एस्□नोजा ने □शा व्यक्त की कि भारत और चिली के बीच मौजूद गहरे संबंध □ने वाले समय में नई ऊंचाइयों को छुएंगे। उन्होंने अ□ने देश में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए □रम्भ की गयी □रियोजनाओं और चुनौतियों के बारे में श्रीमती महाजन को अवगत कराया।